# फोरलेन की जांच शुरू, सड़क से टीम ने लिए सैंपल

▸ मंत्री काश्यप की पहल पर बनी जांच समिति, रिपोर्ट शासन को सौंपी जाएगी



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जावरा फाटक अंडर ब्रिज से सेजावता फंटा तक बने फोरलेन सड़क निर्माण की गुणवत्ता जांच शुरू हो गई है। लोक निर्माण विभाग की उच्च स्तरीय टीम मौके पर पहुंची और सड़क का निरीक्षण करते हुए विभिन्न स्थानों से सैंपल लेकर परीक्षण के लिए संग्रहित किए।

मंत्री के दखल के बाद अब 4.12 किलोमीटर लंबे सीमेंट कांक्रीट फोरलेन निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर विभागीय स्तर पर जांच तेज हो गई है। जानकारी के अनुसार, प्रदेश के कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप द्वारा सड़क निर्माण में गुणवत्ता संबंधी शिकायतें और अनियमितताओं की जानकारी दिए जाने के बाद विभाग के मुख्य अभियंता ने जांच समिति का गठन किया था। बताया जा रहा है कि मंत्री काश्यप को स्थानीय स्तर पर सड़क निर्माण में गुणवत्ता की कमी की शिकायतें मिली थीं। इसके बाद उन्होंने लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता से चर्चा कर तत्काल जांच के निर्देश दिए। इससे पहले एमएसएमई मंत्री चेतन्य काश्यप ने लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह से भी पूरे मामले पर चर्चा की थी। मंत्री राकेश सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच और कार्रवाई के निर्देश जारी किए थे। सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता जांच के लिए गठित समिति में एस.आर. गोरखेड़े, प्रभारी मुख्य अभियंता (भवन) लोक निर्माण विभाग इंदौर परिक्षेत्र, मयंक शुक्ला, प्रभारी अधीक्षण यंत्री लोक निर्माण विभाग राजधानी परिक्षेत्र भोपाल तथा गणेश प्रसाद पटेल, अधीक्षण यंत्री लोक निर्माण विभाग उज्जैन मंडल शामिल हैं। समिति द्वारा विस्तृत जांच के बाद प्रतिवेदन शासन को सौंपा जाएगा।

**शिकायत पर मंत्री काश्यप ने किय दखल, दिए जांच के निर्देश**

मंत्री काश्यप को स्थानीय स्तर पर सड़क निर्माण में गुणवत्ता की कमी की शिकायतें मिली थीं। इसके बाद उन्होंने लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता से चर्चा कर तत्काल जांच के निर्देश दिए। इससे पहले एमएसएमई मंत्री चेतन्य काश्यप ने लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह से भी पूरे मामले पर चर्चा की थी। मंत्री राकेश सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच और कार्रवाई के निर्देश जारी किए थे।

# क्रूज हादसे को लेकर युवा कांग्रेस आक्रोशित, मंत्री का पुतला फूंका

▸ बरगी डैम में हुई मौतों को बताया सरकार की लापरवाही, कोर्ट चौराहे पर की जमकर नारेबाजी



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जबलपुर के बरगी डैम में हुए क्रूज हादसे में हुई दुखद मौतों को लेकर जिला युवा कांग्रेस ने शुक्रवार को उग्र प्रदर्शन करते हुए प्रदेश के पर्यटन मंत्री धर्मेन्द्र लोधी का पुतला दहन किया। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता कोर्ट चौराहा पर एकत्रित हुए और प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर घटना पर आक्रोश जताया।

युवा कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार की लापरवाही और सुरक्षा इंतजामों में कमी के कारण यह हादसा हुआ है। प्रदर्शनकारियों ने मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजा देने तथा मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की।

इस मौके पर जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष मयंक जाट, शहर युवा कांग्रेस अध्यक्ष सैय्यद वूसत, शांतिलाल वर्मा, याश्मीन शेरानी, ग्रामीण युवा कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह सेजावता, शीतल सेन, किशन सिंघाड़, सौरभ छिपानी, निलेश शर्मा, इमरान मोयल, दिलीप शर्मा, नदीम मिर्ज़ा, बसंत पंड्या, राहुल दुबे, कैफ खान, राहुल पाटीदार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक नजर में

### प्रतिष्ठित राग रंग म्यूजिकल ग्रुप आज देगा गुलाब चक्कर में प्रस्तुति

**रतलाम।** जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा रतलाम शहर के मध्य स्थित ऐतिहासिक महत्व के गुलाब चक्कर में प्रतिदिन शहरवासियों के लिए मनोरंजन की गतिविधियाँ हो रही है। संगीत और अन्य कार्यक्रमों की स्वर लहरिया मालवा की माटी के केंद्र रतलाम के गुलाब चक्कर को अपनी संगीतमई महक से सराबोर कर रही है। जब से रतलाम के गुलाब चक्कर का सौंदर्यीकरण हुआ हैं रतलाम शहर की फिजा ही बदल गई है और पूरे प्रदेश में इसकी गूंज है, जिसके चलते भोपाल के प्रतिष्ठित राग रंग म्यूजिकल ग्रुप एंड आर्ट फाऊंडेशन द्वारा रतलाम के गुलाब चक्कर के सौंदर्य से प्रभावित होकर यह चौथी प्रस्तुति देने जा रहा हैं जिसमें राग रंग म्यूजिकल ग्रुप के प्रतिष्ठित गायक एवं आयोजक सुमीत शर्मा, अमित शर्मा, मोहन सावले, लक्ष्मी पटेल, तनु सिंह शनिवार को सदाबहार मनभावन फिल्मी गीतों की प्रस्तुतियां देंगे।

### नवविवाहितों को विधायक ने बांटे चेक



**रतलाम।** रतलाम ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र विधायक मथुरालाल डामर शुक्रवार जनपद पंचायत रतलाम मे 19 अप्रैल 2026 को आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह मे सम्मिलित नवविवाहित जोड़ो को मध्यप्रदेश प्रदेश शासन द्वारा उपहार स्वरूप प्रदत्त की जाने वाली सहायता राशि 49000 रूपये के चेक वितरण कार्यक्रम मे सम्मिलित हुए। इस अवसर पर जनपद सदस्य, अध्यक्ष प्रतिनिधी, कार्यकर्ता तथा जनपद सीईओ सहित प्रशासनिक अमला उपस्थित था।

### तहसीलदार ने किया गेहूं उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण

**रतलाम।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के मार्गदर्शन में जिले में उपार्जन केन्द्रो पर समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन किया जा रहा है । शुक्रवार को तहसीलदार रामचंद्र पांडेय ने मां उमिया वेयरहाउस एवं तहसीलदार ताल निर्भय सिंह ने नाथ वेयर हाउस ताल स्थित गेहूं उपार्जन केन्द्रो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तौल कांटों का सत्यापन किया गया तथा किसानो से संवाद कर उपार्जन प्रक्रिया, उपलब्ध सुविधाओं एवं केंद्रों पर की जा रही व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की एवं उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

### शिशु मंदिर में समर कैंप शुरू

जावरा। कश्मीरी गली स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में ग्रीष्मकालीन समर कैंप का आयोजन हुआ। 2 मई से प्रारंभ हुए, इस समर कैंप में भैया-बहिन विभिन्न विधाओं डांस, म्यूजिक, मेहंदी, हस्तलिपि, कंप्यूटर, ड्राइंग, आर्ट एंड क्राफ्ट गतिविधियों से अपनी प्रतिभा को निखार रहे हैं और साथ ही कराटे एवं दंड (लाठी) प्रशिक्षण से आत्मरक्षा के गुर भी सीख रहे हैं।

### जेपीएस में सिटी टर्फ का शुभारंभ



**जावरा।** शहर के शिक्षा एवं खेल क्षेत्र में एक नया आयाम जुड़ गया, जब जावरा पब्लिक स्कूल परिसर में अत्याधुनिक जेपीएस सिटी टर्फ का उद्घाटन समारोह उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक डॉ राजेन्द्र पाण्डेय ने विद्यालय प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ खेलों को समान महत्व देना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। अतिथियों द्वारा फीता काटकर जेपीएस सिटी टर्फ, पिक्कल बॉल कोर्ट, बॉक्स क्रिकेट एरिना, फुटबॉल कोर्ट, स्केटिंग ट्रेक एवं अंतराष्ट्रीय स्तरीय बॉस्केटबॉल कोर्ट का विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद अतिथियों एवं निर्देशकों ने स्वयं टर्फ में उतरकर उद्घाटन शॉट खेलकर खेल परिसर का शुभारंभ किया और खेल गतिविधियों का आनंद लिया। विद्यालय प्रबंधन समिति के निर्देशक विनोद मूणत, कमल मूणत, अशोक मूणत, शोभित मूणत एवं सुबाहु मूणत द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया। विद्यालय प्राचार्य डॉ पियूष मूणत ने विद्यालय की महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी। प्राचार्य डॉ मूणत ने आभार माना।




# विश्व थैलेसीमिया दिवस पर मानवता का संदेश

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** विश्व विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जिला चिकित्सालय रतलाम में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर का आयोजन शतकवीर रक्तदाता अश्विनी शर्मा की स्मृति में मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव यूनियन रतलाम ने किया। सिविल सर्जन डॉ. एमएस सागर ने उपस्थित लोगों को थैलेसीमिया जागरूकता की शपथ दिलाई। ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. चंद्र प्रताप राठौर ने थैलेसीमिया बीमारी और इससे बचाव को लेकर जानकारी दी। मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव यूनियन अध्यक्ष अभिषेक जैन और सचिव निखिल मिश्रा ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। अविनाश पोरवाल, गोपाल चौहान, चिंटू शर्मा और राकेश मालवीय विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिविर में नारी शक्ति ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। एसोसिएशन सदस्य शिखा शर्मा, मधु बैरागी, दिनेश राठौर और सुरेंद्र सिंह पवार सहित कई लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में कुल 31 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। रक्त बैंक के कमलेश यादव ने आभार माना।

# 18 वर्ष से सेवा दे रहे अतिथि शिक्षकों का छलका दर्द

▸ नवीन पंजीयन बंद करने की मांग

▸ आजाद स्कूल अतिथि शिक्षक संघ ने सौंपे ज्ञापन



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** आजाद स्कूल अतिथि शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के प्रदेश संगठन के आह्वान पर शुक्रवार को रतलाम जिले में जिला कार्यकारिणी द्वारा विभिन्न जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे गए। संघ ने मांग की कि अतिथि शिक्षकों का नवीन पंजीयन पूर्णतः बंद किया जाए तथा पुराने और अनुभवी अतिथि शिक्षकों को कार्यानुभव एवं वरिष्ठता के आधार पर बोनस अंक प्रदान किए जाएं।

संघ द्वारा ग्रामीण विधायक मथुरा लाल डामर, शहरी विधायक चैतन्य काश्यप के प्रतिनिधि, महापौर प्रहलाद पटेल, तहसीलदार तथा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में बताया गया कि प्रदेश में वर्षों से सेवा दे रहे अतिथि शिक्षक वर्तमान नवीन पंजीयन प्रक्रिया से खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। संघ का कहना है कि 18 वर्षों तक सेवा देने वाले अतिथि शिक्षकों को कार्यानुभव का लाभ मिलना चाहिए और प्रति वर्ष 10 बोनस अंक जोड़कर अधिकतम 180 अंक तक स्कोर कार्ड में शामिल किए जाएं। संघ ने चेतावनी दी कि यदि अनुभवी अतिथि शिक्षकों के हितों की अनदेखी की गई तो बड़ी संख्या में शिक्षक बेरोजगारी की स्थिति में पहुंच जाएंगे। इस दौरान रतलाम जिला अध्यक्ष कृष्ण कन्हैया सैनी, जावरा ब्लॉक अध्यक्ष तरूण शर्मा, पिपलौदा ब्लॉक अध्यक्ष पंकज सोलंकी, रावटी ब्लॉक अध्यक्ष दयाराम गुजराती, मुकेश सोलंकी, महिला प्रकोष्ट रावटी ब्लाक अध्यक्ष मधु पुरोहित, अनिल यादव सहित जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# चार्ज अधिकारियों ने जनगणना कार्य का किया निरीक्षण

**रतलाम।** जनगणना कार्य कार्य का शुक्रवार को चार्ज अधिकारियों ने फिल्ड में पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान प्राप्त जानकारी जांची गई। उल्लेखनीय है कि जनगणना कार्य निदेशालय भारत सरकार के निर्देशानुसार जनगणना 2027 अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना संबंधी कार्य 1 मई 2026 से 30 मई 2026 तक जिले में किया जा रहा है। राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य को निर्धारित अवधि में अनिवार्य रूप से संपादित किए जाने हेतु अधिकारियों द्वारा जिले में निरीक्षण किया जा रहा है। चार्ज अधिकारियों द्वारा अपने अपने क्षेत्र में निरीक्षण कर काम को देखा जा रहा है । निरीक्षण के दौरान चार्ज अधिकारियों ने प्रगणकों, सुपरवाइजर एवं फील्ड ट्रेनर्स द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली एवं नागरिकों को जनगणना के लिए प्रगणको को सही-सही जानकारी देने के लिए जागरूक किया।

# 'भाजपा राजनीतिक दल नहीं, वैचारिक आंदोलन' : सुरेश आर्य

▸ जिला कामकाजी बैठक सम्पन्न

▸ 22-23 मई को होगा प्रशिक्षण वर्ग




**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** भारतीय जनता पार्टी की जिला कामकाजी बैठक शुक्रवार को उजाला पैलेस मे सम्पन्न हुई। इसमें पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा विचार विमष किया गया। संभाग प्रभारी सुरेश आर्य ने कहा कि पश्चिम बंगाल मे भाजपा की जीत के कई अर्थ है। भाजपा कोई राजनैतिक पार्टी नहीं है, अपितु वैचारिक आंदोलन है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे इसे सर्वव्यापी और सर्वर्स्पषी बना दिया है। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने की। उन्होने पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं से सहभागिता का आह्वान किया।

जिला बैठक के आरंभ मे भाजपा के पितृ पुरुष डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं.दीनदयाल उपाध्याय एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। जिलाध्यक्ष श्री उपाध्याय ने बताया कि आगामी 22 व 23 मई को जिला प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन होगा। पार्टी स्तर पर इसे सफलता पूर्वक सम्पन्न करने के लिए कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है। दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के दौरान विभिन्न सत्रों मे पार्टी के वरिष्ठ नेता अलग-अलग विषय पर मार्गदर्शन देंगे। श्री उपाध्याय ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार सभी मंडलों मे मासिक बैठक मे सम्पन्न हो गई है। प्रति माह 07 से 10 तारीख के बीच जिला बैठक भी होगी।

संभाग प्रभारी श्री आर्य ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए भाजपा बूथ, शक्ति केन्द्र, मंडल और जिला स्तर के साथ प्रदेश स्तर तक नियमित बैठके करने का निर्णय लिया गया है। जिला प्रशिक्षण वर्ग भाजपा की विचारधारा को और विस्तारित करने के लिए हो रहा है। इसमें शामिल होकर पार्टी नेता सर्वव्यापी और सर्वर्स्पषी की कार्य प्रणाली को अमल मे लाये और भाजपा को जन जन की आवाज बनाये। उन्होने पार्टी के विभिन्न कार्यो की विस्तार से चर्चा की। बैठक का संचालन जिला महामंत्री जयवंत कोठारी ने किया। आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री महेश सोनी द्वारा किया गया। बैठक मे जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी एवं मोर्चा जिलाध्यक्ष उपस्थित रहे।



# मानसून पूर्व एसडीईआरएफ एवं होमगार्ड जवानों का विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**रतलाम।** राज्य आपदा मोचन बल भोपाल (एसडीईआरएफ) एवं संभागीय मुख्यालय उज्जैन से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में आगामी मानसून सत्र को दृष्टिगत रखते हुए जिला स्तर पर जामड तालाब में विशेष प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ किया गया। प्रशिक्षण के दौरान होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ जवानों को तैराकी प्रारंभ करने से पूर्व आवश्यक एक्सरसाइज कराई गई। इसके पश्चात प्लाटून कमांडर ज्योति बघेल द्वारा एसडीईआरएफ जवानों के साथ स्विमिंग अभ्यास एवं बोट हैंडलिंग का सघन प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बोट संचालन, पानी के बहाव को समझने, बचाव कार्यों के दौरान बोट को स्थिर रखने की तकनीकों तथा स्वयं की सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष रूप से अभ्यास कराया गया।

# आदिवासी को साजिश के तहत भेजा जेल, पिपलौदा थाना पहुंचे ग्रामीण

**जावरा।** पिपलौदा विकासखंड के अचलपुरा, सबलगड और उम्मेदपुरा के ग्रामीण शुक्रवार को पुलिस थाना पिपलौदा पहुंचे। जहां उन्होंने थाना प्रभारी को पत्र सौंपकर अचलपुरा निवासी वरिष्ठ व्यक्ति परथाजी पिता लच्छा को बिना पुख्ता जांच के गिरफ्तार कर जेल भेजने के मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की।

पत्र में कहा गया है कि गत अप्रैल माह में क्षेत्र में हुई मोटर साइकिल दुर्घटना में घायल युवक की उपचार के लिए ले जाने के दौरान मौत हो गई थी। दोनों पक्षों के बीच विवाद की स्थिति ना बनें इस हेतु परथा जी व मेहबूब खान ने हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया था। बाइक एक्सीडेंट की घटना के एक सप्ताह बाद एक अन्य युवक ने पहाडी से कूदकर आत्महत्या कर ली थी। ग्रामीणों का कहना है कि जिसका झूठा आरोप परथा जी पर लगाकर साजिश के तहत उन्हें फंसा दिया गया और जेल भिजवा दिया। ग्रामीणों के अनुसार परथा जी गांव व समाज के वरिष्ठ नागरिक हैं। उनके विरुद्ध मनगंढत आरोप लगाने वाले लोगों को बेनकाब किया जाए। उन्हें गिरफ्तार कर जांच कर जेल भेजने की कार्रवाई की जाए। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि पूरे घटनाक्रम की सही तरीके से जांच कर परथा जी के साथ न्याय किया जाए।

**यह रहे मौजूद**

इस दौरान किसान नेता डीपी धाकड़, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेश पटेल, निखिलेश प्रजापति, नितिन चौहान, पन्नालाल देवड़ा, कैलाश देवड़ा, नागु भगोरा, विश्राम देवड़ा, पूंजा देवड़ा, गणेश देवड़ा, मदन लाल देवड़ा, शंकर देवड़ा सहित बडी संख्या में महिला-पुरूष उपस्थित थे। ज्ञापन का वाचन गुड्डू देवड़ा ने किया।

**एक नजर में** — हनुमान ताल को मिलेगा नया स्वरूप, महापौर ने किया निरीक्षण

# हनुमान ताल पर बनेगा गंगा कुंड और श्रीराम सेतु



**यह कार्य होंगे**

हनुमान ताल के सौन्दर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य के तहत बोल्डर पिचिंग, टो-वॉल, रेलिंग, पाथ-वे, इको फ्रेंडली डी-सिल्टिंग, तालाब में सीवरेज का पानी नहीं मिलने की व्यवस्था तथा पानी निकासी स्थलों की मरम्मत जैसे कार्य किए जाएंगे।

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** हनुमान ताल पर 4.82 करोड़ रुपए की लागत से चल रहे सौन्दर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्यों का महापौर ने निरीक्षण किया। प्रहलाद पटेल ने गुरुवार कोभाजपा जिला कोषाध्यक्ष पवन सोमानी और राकेश मिश्रा के साथ 80 फीट रोड के हनुमान ताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महापौर ने निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 100 बाय 100 फीट का धार्मिक घाट बनाया जाए, जहां पूजा-अर्चना एवं आचमन किया जा सके। साथ ही हनुमान ताल द्वार के समीप पूजन सामग्री विसर्जन हेतु गंगा कुंड का निर्माण भी कराया जाए। महापौर ने निर्माणाधीन 'राम सेतु' मार्ग की लंबाई 100 मीटर से बढ़ाकर 150 मीटर करने के निर्देश दिए, ताकि नागरिकों को सुबह और शाम टहलने में अधिक सुविधा मिल सके। इसके अलावा घाट एवं पाथ-वे का नामकरण 'गंगा कुंड' और 'श्रीराम सेतु' किए जाने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश उपयंत्री ब्रजेश कुशवाह को दिए गए। उन्होंने यह भी कहा कि राम सेतु मार्ग के दूसरी ओर घने छायादार वृक्ष लगाए जाएं, जिससे नागरिकों को स्वच्छ और हरित वातावरण मिल सके तथा 'स्वच्छ रतलाम-हरित रतलाम' का सपना साकार हो।